**अभ्यास 4 प्रश्न – 10**

**निम्नलिखित आलेख का सारांश लिखिए। आलेख 'नौजवानों के देश में बुज़ुर्ग हाशिए पर' के आधार पर बताएं कि क्यों यह परिस्थितियाँ पैदा हुई हैं? आलेख के आधार पर उन मुख्य बिन्दुओं का समावेश अपने शब्दों में करें।**

**आपका सारांश 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**संगत बिन्दुओं के समावेश के लिए 6 अंक और भाषिक अभिव्यक्ति के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। पाठांश से वाक्य उतारना उचित नहीं है।**

ताज़ा समाजशास्त्रीय रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुज़ुर्ग धीरे-धीरे हाशिए पर खिसक रहे हैं। घर की चारदीवारी में भी अब वे बेहद असुरक्षित हैं। उन्हें अपने घर में भी शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। इस रिपोर्ट में 48 फीसदी पुरुष और 42 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्हें उनके अपने परिजनों द्वारा ही प्रताड़ित किया जाता है। यानी अपने माता-पिता और दादा-दादी के साथ ऐसा व्यवहार करने वाले घर के ही सदस्य, ख़ासतौर पर अपनी ही संतानें हैं।

इस समय 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की भारत में संख्या 10 करोड़ के आस-पास है। अनुमान है कि 2026 तक भारत में बुज़ुर्गों की संख्या 17 करोड़ पहुंच जाएगी। हमारे समाजशास्त्रीय अध्ययन बताते हैं कि देश में जैसे-जैसे औद्योगिक विकास तेजी से हुआ, उसी के अनुपात में यहां सामाजिक विस्थापन की प्रक्रिया भी तेज़ हुई है। देश में गांवों की तुलना में नगरों का विकास अधिक होने से लोगों का ध्यान खेती से हटकर नगरों में मिलने वाली नक़द मजदूरी पर केंद्रित होने के कारण गांव से शहर की ओर पलायन तेज़ हुआ है। इसका सबसे अधिक प्रभाव संयुक्त परिवार पर पड़ा है।

दरअसल, संयुक्त परिवार के विघटन की प्रक्रिया तेज होने से वृद्ध हाशिये पर चले गए। परिवार में उन बुज़ुर्गों की दशा तो और भी ख़राब हो गई है, जो केवल खेती पर निर्भर रहे हैं। आज एकल परिवार एक कदम और आगे जाकर व्यक्ति-केंद्रित सामाजिक इकाई बन रहे हैं, जिस कारण बुज़ुर्गों की उपयोगिता उनमें और भी कम हो रही है। अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक कानून 2007 के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल का जिम्मा परिवार के सदस्यों को दिया गया है। इस कानून में राज्य सरकार को हर जनपद में 'वृद्ध आश्रम' खोलने का भी निर्देश है। लेकिन हकीक़त में इसमें से कुछ भी लागू होता नहीं दिखता।

अमेरिका, कनाडा, यूरोप और एशिया के कई देशों की सरकारें वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं का ख़ास ध्यान रख रही हैं। यूरोप में तो स्थिति यह है कि वहां यदि कोई बुज़ुर्ग घर में देर तक सोता रह जाता है, तो वहां एक विशेष दस्ता उनको ढूंढने निकल पड़ता है। पर ऐसी व्यवस्थाएं अभी हमारी प्राथमिकता में नहीं हैं। और तो और, देश में पर्याप्त वृद्धाश्रम भी नहीं हैं।

© UCLES 2016

**In summary below there are numbers in this colour referencing to "Content" part of the MS.**
**Example → [3] refers to "2026 तक 17 करोड़ पहुँच जाएगी|"**

## 'नौजवान के देश में बुज़ुर्ग हाशिए पर'

ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में धीरे-धीरे हाशिए आ रहे हैं| उन्हें अपने ही घर में मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है|[1]रिपोर्ट के अनुसार 40 प्रतिशत पुरुष और 42 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्हें, उनके परिवार के सदस्य ही प्रताड़ना दे रहे है|[2]अनुमान है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 2026 तक 17 करोड़ पहुँच जाएगी|[3]संयुक्त परिवार की परंपरा समाप्त होने से बुजुर्ग हाशिए पर चले गए|[5] अभिभावक और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए 2007 में कानून बनाया गया|[8]अमेरिका, कनाडा, यूरोप और एशिया के कई देशों में बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा का विशेष ख्याल रख रही है|[10]

In summary below there are numbers in this colour referencing to "Content" part of the MS.
Example → [3] refers to "2026 तक 17 करोड़ पहुँच जाएगी|"

## 'नौजवान के देश में बुज़ुर्ग हाशिए पर'

ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में धीरे-धीरे हाशिए आ रहे हैं| उन्हें अपने ही घर में मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है|[1]रिपोर्ट के अनुसार 40 प्रतिशत पुरुष और 42 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्हें, उनके परिवार के सदस्य ही प्रताड़ना दे रहे है|[2]अनुमान है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 2026 तक 17 करोड़ पहुँच जाएगी|[3]संयुक्त परिवार की परंपरा समाप्त होने से बुज़ुर्ग हाशिए पर चले गए|[5] अभिभावक और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए 2007 में कानून बनाया गया|[8]अमेरिका, कनाडा, यूरोप और एशिया के कई देशों में बुज़ुर्ग नागरिकों की सुविधा का विशेष ख्याल रख रही है|[10]

**Exercise 4, Question 10**

Do not award language marks if there is no content to reward.

**Content (up to 6 marks)**

Tick the points listed below:

1. घर में भी शारीरिक मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है।-
2. रिपोर्ट क□ अनुसार **48** फीसदी पुरुष और **42** फीसदी महिलाओं को उनक□ अपन□परिजनों द्वारा ही प्रताड़ित किया जाता है।
3. **2026** तक भारत में बुजुर्गों की संख्या **17** करोड़ पहुंच जाएगी।
4. जैस□जैस□औद्योगिक विकास त□जी स□हुआ, उसी क□ अनुपात में यहां सामाजिक विस्थापन की प्रक्रिया भी त□ज हुई है या गांव क□ कई लोग शहर की ज़्यादा मजदूरी की तरफ आकर्षित हो रह□हैं और बुर्जुग गांव में अक□ल□रह रहें हैं।
5. संयुक्त परिवार क□ विघटन की प्रक्रिया त□ज होन□स□वृद्ध हाशिय□पर चल□गए।
6. उन बुजुर्गों की दशा तो और भी खराब हुई, जो क□वल ख□ती पर निर्भर रह□हैं।
7. आज एकल परिवार एक कदम और आग□जाकर व्यक्तिकेंद्रित सामाजिक इकाई बन रह□हैं-।
8. अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक **2007** क□ अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की द□खभाल का जिम्मा परिवार क□ सदस्यों को दिया गया है।
9. इस कानून में राज्य सरकार को हर जनपद में 'वृद्ध आश्रम' खोलन□का भी निर्देश है/ अभी कुछ भी लागू होता नहीं दिखता।
10. अम□रिका, कना□ा, यूरोप और एशिया क□ कई द□शों की सरकारें वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं का खास ध्यान रख रही हैं।

**Language (up to 4 marks)**

**0 marks**: meaning obscure because of density of language errors and serious problems with expression/nothing of relevance

**1 mark**: expression weak/reliance on lifting without discrimination

**2 marks**: expression limited/some reliance on lifting from the original, but some sense of order

**3 marks**: expression good, with attempts to group and sequence ideas in own words

**4 marks**: expression very good; clear, orderly grouping and sequencing, largely in own words

[Total: 10]

© UCLES 2016